## किसान सभा का प्रदेश स्तरीय शिविर संपन्न

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर की चौधरी कॉलोनी के सामुदायिक विकास भवन में चल रहे अखिल भारतीय किसान सभा का प्रदेशस्तरीय शिविर का तीसरे दिन समापन हुआ। समापन से पूर्व हुए अंतिम सत्र में नहर, कृषि संकट और उसके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज मुख्य वक्ता थे।

जिला महामंत्री मदन सिंह यादव ने नहर को लेकरप्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार हरियाणा सरकार के सामने नत मस्तक हो गई है। जिसके कारण हमारे हक का पानी नहर के माध्यम से नहीं आ पा रहा। अध्यक्ष मंडल में प्रांतीय अध्यक्ष पेमाराम, राज्य महामंत्री छगन चौधरी, दुलीचंद, गुरुचरण मोड ने कहा कि किसानों के सामने खेती करना मुश्किल हो रहा है। लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। खाद-बीज और बिजली महंगी होने से खेती-बाड़ी घाटे का सौदा साबित हो रही है।

# चूरू शहर में दिनों-दिन बढ़ रहा है अतिक्रमण, प्रशासन मौन

- सीएम बहड़ सर्किल सहित मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण से यातायात बाधित
- मुख्य सड़कों से अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से आमजन परेशान

**चूरू,** (कासं.)। चूरू शहर में दिनों-दिन अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। जबकि पुलिस, नगरपरिषद और जिला प्रशासन आंखें बंद करके गहरी नींद में सोए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार चूरू नगरपरिषद क्षेत्र में आज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू नहीं किया गया है। हालांकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा खुद अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर चुके हैं। इसके बाद भी चूरू नगरपरिषद और जिला प्रशासन आंखें नहीं खोल रहा है। शहर की मुख्य सड़कों पर से अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से आमजन को बहुत परेशानी हो रही है। साथ ही शहर का सौंदर्य भी दागदार हो रहा है। अतिक्रमण के कारण शहर में यातायात भी बाधित रहता है।

चूरू में सीएम बहड़ सर्किल, काली कमली आश्रम के तीनों तरफ, भालेरी रोड़, उद्यमसिंह चौक, सुभाष चौक, भरतिया अस्पताल के आगे, पुलिस लाईन के दरवाजे के आगे, पुराना बस स्टेण्ड के आगे, स्टेशन रोड़, नई सड़क, धर्मस्तूप के पास, गढ़ के पास, लाल घंटाघर के पास सहित चूरू शहर की गली-गली में अतिक्रमण हो चुका है। अतिक्रमणकारियों को सड़क किनारे या और कहीं भी सरकारी भूमि खाली दिखाई देते ही वे वहां आलमारी रखवा देते हैं या कोई ठेला खड़ा कर देते हैं। धीरे-धीरे छप्पर आदि लगााकर मालिक बन जाते हैं।

काली कमली आश्रम के पास तो अतिक्रमणकारियों ने सड़क को ही किराए पर दे रखा है। ऐसे में बाधित हो रहे यातायात की ओर पुलिस का भी कोई ध्यान नहीं है। यहां के पुलिस अधिकारी पहले विधानसभा और फिर लोकसभा आम चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद यातायात को सुचारू करने की बात जरूर कहते आए हैं लेकिन आचार संहिता हट जाने के बाद भी उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की है। इस कारण लग रहा है कि नगरपरिषद के अधिकारियों की तरह पुलिस के अधिकारी भी अतिक्रमणकारियों से मिली भगत कर चुके हैं।

यदि पुलिस, नगरपरिषद और जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों की अतिमक्रमण करने वालों से मिलीभगत नहीं है तो अतिक्रमण क्यों नहीं हटा रहे हो, आखिर किसने रोक रखा है अधिकारियों को। बस यही सवाल चूरू शहर के लोगों की जुबान पर है। जिला मुख्यालय की सड़कों पर और सरकारी कार्यालयों के आसपास अतिक्रमण देखकर अन्यत्र स्थानों से आने वाले लोग भी आश्चर्यचकित हैं। चूरू जैसी दयनीय स्थिति कहीं और नहीं देखी गई है। मजे की बात देखो यहां के जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं।

## शंभू पंवार का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

**चिडावा,** (निसं)। लेखक डॉ. शम्भू पंवार का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। डॉ. शंभू पंवार ने अपनी सार्थक और सटीक लेखनी से ए से जेड तक के राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हिंदी, अंग्रेजी समाचार पत्र-पत्रिकाओं में समाचार, कविता, लेख, स्टोरी आदि रचनाएं लिखने और प्रकाशित होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस विशेष उपलब्धि के लिए इनका नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज हुआ है। राजधानी दिल्ली में ब आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि मदरहुड विश्वविद्यालय रुड़की, उतराखंड के कुलपति डॉ.नरेंद्र शर्मा, ग्लोबल यूनिवर्सिटी अमेरिका के मानद कुलपति व धराधाम प्रमुख डॉ.सौरभ, नेपाल सरकार के खेल मंत्रालय के सलाहकार लामा गुरु गयाचो रिमपोचे और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के निदेशक डॉ.नारायण यादव ने डॉ.शंभू पंवार को सम्मानित किया।

## सार-समाचार

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों के आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों की मासिक बैठक में यूसीईओ विद्यालय के प्रतिनिधि व राजश्री योजना के प्रभारी विजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रभारी विजय कुमार वर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्धारित मापदंड अनुसार 3 से 6 वर्ष तक की आयु के बालकों का डोर टू डोर किया जा रहे सर्वे की जानकारी देते हुए 3 से 6 वर्ष के बालक-बालिकाओं का प्रवेश अधिक से अधिक संख्या में आंगनबाडी केंद्र में करने के लिए प्रेरित किया गया। तथा राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री राजश्री योजना में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की भूमिका के बारे में बताया गया। साथ ही आंगनबाडी कार्यकर्ताओं पर लगाए गए मेंटर टीचर के उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। मासिक बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुमित्रा बाकोलिया सहित शहरी क्षेत्र के समस्त वार्डों के आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

### कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आज

**चिडावा,** (निसं)। शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल में कैंसर रोकथाम के लिए 28 जून 2024 को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप लगाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पीएमओ डॉ.सुमनलता कटेवा ने बताया कि शिविर में जयपुर के एसएमएस अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मरीजों को शिविर स्थल पर उसी दिन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। जिसके लिए शिविर स्थल रूम नंबर 41 (सभागार) में काउंटर स्थापित किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के बाद मरीजों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। कैंसर के चयनित मरीजों को इलाज के लिए उच्च संस्था के लिए रैफर किया जाएगा। पीएमओ डॉ.कटेवा ने बताया कि शिविर को संभल बनाने और ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभान्वित करवाने के लिए एनसीडी टीम, एएनएम और आशा सहयोगियों को जिम्मेदारी दी गई है। वही पहले से कैंसर से पीड़ित मरीजों को अपनी सभी जांचे और दवा पर्ची साथ लानी होगी। गुरुवार को पीएमओ डॉ.कटेवा ने शिविर स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### प्रेम कंवर सम्मानित

**चूरू,** (कासं)। जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित हुए मिशा बंदी लोकतंत्र सम्मान समारोह में चूरू से स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, राज्य के प्रसिद्ध समाजवादी नेता रहे स्व. कुशल सिंह राठौड़ की धर्मपत्नी प्रेम कंवर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के द्वारा चूरू के स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार एवं शिक्षक रहे स्वर्गीय राठौड़ की धर्मपत्नी का सम्मान करने पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। चूरू के लोगों, भाई-बंधु, रिश्तेदारों एवं चूरू के विभिन्न संगठनों के द्वारा बधाई दी जा रही है। स्वर्गीय कुशाल सिंह राठौड़ की धर्मपत्नी प्रेम कंवर ने बताया कि सरकार ने जो हमारा सम्मान किया है, इसके लिए सरकार साधुवाद की पात्र है। उनके पुत्र सत्येंद्र सिंह राठौड़ ने सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। साथ ही यह मांग की है कि मीशाबंदियों को व उनके परिवार को राज्य सरकार के द्वारा पूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### गोस्वामी सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन

**सादुलपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय गोस्वामी सभा रजिस्टर्ड का राष्ट्रीय अधिवेशन उज्जैन में 29 व 30 जून 2024 को सम्पन्न होगा। सादुलपुर निवासी अखिल भारतीय गोस्वामी सभा के सम्भाग अध्यक्ष इन्दु कुमार गिरि गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में सादुलपुर सहित राजस्थान से सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पदाधिकारी भाग लेंगे। अधिवेशन में समाज में शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराने विकास को गति प्रदान करने, समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा में जोडे रखने के साथ ही वर्तमान परिस्थिति में समाज की दशा और दिशा सुधारने हेतु मंथन कर कार्ययोजना तैयार कर प्रयास किए जाएंगे। साथ ही अधिवेशन में नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। गोस्वामी ने सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से निर्धारित समय पर पहुंच कर अधिवेशन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

### साधारण सभा की बैठक आज

**सादुलपुर,** (निसं)। पंचायत समिति राजगढ की शुक्रवार 28 जून को साधारण सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। पंचायत समिति विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि पंचायत समिति सभागार में दोपहर 12 बजे होने वाली बैठक में बिजली, पानी, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, महानरेगा एवं अन्य योजनाओं की पूरक वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### वाटर कूलर भेंट किया

**चूरू,** (कासं.)। लायन्स क्लब चूरू द्वारा एक वाटर कूलर मय आरएओ राजकीय लोहिया कॉलेज चूरू में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु लगाया गया। क्लब के लायन सुनील रंजन टकणेत ने यह जानकारी दी।

# पानी निकालते समय कुंड में गिरने से युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। शमशान भूमि में बने कुंड से पानी निकलते समय पैर फिसलकर कुंड में गिरने से एक युवक की मौत होने के आरोप का मामला राजगढ थाने में दर्ज हुआ है।

मौके पर पहुंचे गोताखोर नरेन्द्र सांगवान ने निकाली डेड बाडी ने मृतक युवक की डेड बॉडी को निकालने के नेक कार्य में भागीदारी निभाई। थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि राजेश कुमार पुत्र प्रताप सिंह धाणक निवासी खेमाणा त राजगढ जिला चुरू ने बुधवार रात्रि को दर्ज मामले में बताया कि 26 जून को दिन में करीब 2 व 2.30 बजे के आस पास उसके चाचा का लडका सुनिल कुमार पुत्र जयसिंह धाणक उनके गांव की शमशान भूमी में बने कुंड में से पानी निकालने के लिए गया था। सुनिल कुमार द्वारा कुण्डे में से पानी निकालते समय अचानक पैर फिसलने से कुण्ड में गिर गया। जिसकी सूचना पानी लाने के लिए गये हुए विरेन्द्र पुत्र सतयवीर धाणक ने उन्हें दी। तब वे भागकर वहां पहुंचे और सुनिल कुमार को कुण्ड से बाहर निकाला, लेकिन सुनिल कुमार की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसकी लाश मोर्चरी रूम सीएचसी राजगढ में रखी हुई है। सुनिल कुमार की मृत्यु में उन्हें कोई शक शुबा नहीं है। पुलिस ने मामला धारा 174 सीआरपीसी का घटित होना पाया जाने मर्ग एफआईआर दर्ज कर जाँच शुरू करदी है।

गौरतलब है कि तहसील के गांव खेमाणा में पैर फिसलकर कुण्ड में गिरने से मौत हुए युवक को तहसील राजगढ के गगौर गांव निवासी गोताखोर नरेंद्र सांगवान ने कुण्ड से बाहर निकालने के नेक कार्य को अंजाम दिया है। युवक के कुण्ड मे गिरने की सूचना गोताखोर नरेंद्र सांगवान को दी गई तो नरेंद्र सांगवान ने तुरंत ही मौके पर आकर पुलिस की मदद से डेड बॉडी को कुण्ड से बाहर निकाला।

## बढ़ी हुई पेंशन राशि हस्तानांतरित की

**पाटन,** (निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण झुंझुंनू जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के द्वारा किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने राज्य के लगभग 88 लाख पेंशनर्स को लगभग 1037 करोड़ रूपये की राशि सीधे ही उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित की तथा कुछ पेंशनर्स से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से संवाद भी किया गया। नीमकाथाना जिले का पेंशन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शांति पैराडाइज खेतड़ी रोड़ नीमकाथाना में विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया तथा इस कार्यक्रम से नीमकाथाना जिले के लगभग 1.5 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स को लगभग 17 करोड़ रूपये की राशि का हस्तान्तरण किया गया जिसके लिए कार्यक्रम में भाग लिए पेंशनर्स ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय को धन्यवाद दिया।

# सड़क के बीच बने गड्ढों को ठीक करवाने की मांग



**सादुलपुर में मिनीसचिवालय के पास एफसीआई गोदाम के सामने सडक के बीच बने गड्ढे को ठीक करवाने की वाहन चालकों ने मांग की।**

**सादुलपुर,** (निसं)। कोर्ट रोड पर एफ.सी.आई. गोदाम के सामने मुख्य सड़क मार्ग पर बने गड्ढे के कारण जनहानि होने का अंदेशा है। सामाजिक कार्यकर्ता जगत सिंह ने बताया कि जिसको लेकर प्रदर्शन कर हमने प्रशासन से मांग की है कि इस गड्ढे को तुरन्त प्रभाव से ठीक करवाकर जनता को राहत पहुंचाई जावे ताकि कोई जनहानि ना हो। इस मौके पर तहसील भर के अनेक सडक पर चलने वाले नागरिक मौजूद थे।

# 'नये कानूनों को लेकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक करें'

- एक जुलाई से लागू हो रहे नए कानूनों को लेकर हुई कार्यशाला में हुआ विचार-विमर्श

**चूरू,** (कासं)। एक जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर आमजन में जागरुकता की दिशा में गुरुवार को जिला परिषद सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन एवं अभियोजन विभाग की ओर से आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि बदलते समय के साथ अपराध के तरीकों एवं तकनीकों में हुए बदलाव के मध्येनजर सरकार ने विधि में परिवर्तन की आवश्यकता समझते हुए नए कानून लागू किए जा रहे हैं। इससे कानून अधिक प्रभावी ढंग से अपना काम कर सकेगा और हम अधिक बेहतर एवं अपराधमुक्त समाज की रचना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को लेकर अधिक से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए तथा लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक किया जाए। उन्होंने कहा कि विधिक रूप से जागरुक समाज में अपराध की संभावनाएं कम हो जाती हैं। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने कहा कि वर्तमान समय ही ज्ञान और शिक्षा का है। ऐसे में नए कानूनों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरुकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी ब्रिटिश समय से ही प्रचलित अनेक कानून प्रभाव में हैं, जिनमें से कई ऐसे हैं, जिनकी प्रासंगिकता ही खत्म हो गई है। इन्हीं सब बातों को देखते हुए भारत सरकार की ओर से यह बदलाव किए गए हैं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हम इनसे एक बेहतर और अपराधमुक्त समाज की रचना कर पाएंगे।

उपनिदेशक अभियोजन दिलावर सिंह ने नए कानूनों की प्रमुख बातों को रेखांकित किया और विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर अभियोजन अधिकारी गोरधन सिंह ने भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता की प्रमुख धाराओं तथा प्रावधानों में हुए बदलाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता की कुल 511 धाराओं को भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं में समायोजित कर दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग, हिट एण्ड रन, आतंकवादी कार्यकलाप, अलगाववाद जैसे 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है। आईपीसी में परिभाषित दस्तावेज शब्द में डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को मुख्यतः शामिल किया गया है। बीएनएस 2023 में आईपीसी के 19 प्रावधानों को विलोपित कर दिया गया है। 33 प्रकार के अपराधों में कारावास की अवधि तथा 83 प्रकार के अपराधों में जुर्माना राशि को बढाया गया है। सामुदायिक सेवा को एक नई सजा के रूप में सम्मिलित कर 6 प्रकार के अपराधों में इसका प्रावधान किया गया है। बीएनएस में बालक शब्द को नवीन रूप से परिभाषित किया गया है जिसमें 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति बालक समझा जाएगा जबकि आईपीसी में 18 वर्ष से कम आयु की लड़की तथा 16 वर्ष से कम आयु का लड़का बालक की श्रेणी में आते थे। बीएनएस 2023 में आयु के मामले में तटस्थता बरती गई है। उन्होंने बताया कि आमजन को किसी भी प्रकार की एफआईआर के लिए पुलिस थाने में उपस्थित होकर ही दर्ज करवाए जाने की बाध्यता को समाप्त कर ऑनलाईन एफआईआर दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है, हालांकि ऐसे व्यक्ति को तीन दिवस में पुलिस थाने में उपस्थित होकर हस्ताक्षर करने होंगे।

## विद्युत कार्मिकों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान विद्युत कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत जीपीएफ खाता आवंटित करने एवं सीपीएफ कटौती बंद करने हेतु गुरूवार को समस्त जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय प्रदर्शन के तहत डिस्कॉम कार्यालय सादुलपुर के कार्मिकों ने प्रदर्शन कर अधिशाष अभियंता सादुलपुर को ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन दिया गया।

राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ (बीएमएस) जिला मंत्री महेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 01 अप्रैल 2023 से बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की गई थी, जिसकी पालना में पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीपीएफ खाता संख्या आवंटित कर पेंशन जारी हो चुकी है एवं 2023 के बाद नियुक्त कार्मिकों को सीपीएफ खाता आवंटित कर दिए गए हैं। जिला मंत्री सैनी ने बताया कि संयुक्त संघर्ष समिति की 21 जून को आहूत बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आज राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय प्रदर्शन के तहत समस्या का उचित एवं अविलम्ब निराकरण करवाने की मांग की।

# लंबित मामलों को जल्द निस्तारण करने के निर्देश



**जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।**

**पाटन,** (निसं)। जिला कलेक्टर शरद मेहरा की अध्यक्षता में गुरूवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर शरद मेहरा सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा संबंधित राजस्व अधिकारियों को लंबित मामलों को समयबद्ध सीमा में निपटाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर मेहरा ने कहा कि टाईम लाईन बनाकर भूमि रूपांतरण की फाइलें जो लम्बे समय से लम्बित है। राजकीय कार्यालयों खेल मैदान, शमशान, कब्रिस्तान, गोशालाओं, आबादी विस्तार हेतु भूमि आवंटन तथा बजट घोषणा के तहत भूमि आवंटन के मामलों का निस्तारण जल्द करने नियमानुसार कार्यवाही करने तथा चारागाह भूमि अतिक्रमण, पीएम किसान योजना तथा लोकायुक्त के लंबित प्रकरणों के साथ-साथ तहसीलदारों के पास 90 दिन से अधिक लम्बित पडे प्रकरणों को जल्द निस्तारण करने, एलआर एक्ट के प्रकरणों को प्राथमिकता पर लेते हुए निस्तारण करने, जीसीएमएस पोर्टल को अपडेट करने तथा पीएलपीसी मामलों का रिव्यू करने के निर्देश दिए। संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण करने व ईफाइल के माध्यम से कार्य करने तथा ईफाइल के माध्यम से फाइलों के निस्तारण में लगने वाले समय को कम करने के निर्देश दिए।

## अपरहण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पाटन,** (निसं)। नाबालिग बालक का अपरहण कर दुष्कर्म करने के मामले को गम्भीरता से लेते हुए डाबला थाना पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार कुमावत निवासी जीलो पुलिस थाना डाबला को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी को पोक्सो एक्ट सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया हैं।पुलिस के अनुसार आरोपी इससे पहले भी पोक्सो एक्ट के मामले में जेल जा चुका हैं।पुलिस मामले को लेकर आरोपी से गहनता से पूछताछ में जुटी हुई हैं।


**बेदखली सर्वसाधारण सूचना**

मैं रमेश कुमार पुत्र लोकराम उम्र 41 वर्ष जाति जाट निवासी धानोठी बड़ी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू (राज.) का रहने वाला हूं, जो निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं :- 1. यह कि मेरी पुत्री वर्षा उम्र 19 साल दिनांक 12.06.2024 रात्री को हमें बिना बताये घर से निकलकर चली गई है। वह हमारे कहे अनुसार हमारी कोई बात भी नहीं मानती है तथा अपनी मनमर्जी करती है। इसलिए मैं मेरी पुत्री को मेरी समस्त प्रकार की चल-अचल सम्पति से आज दिनांक 27.06.2024 के बाद बेदखली करता हूं। यह कि मेरी पुत्री वर्षा से कोई व्यक्ति या कम्पनी किसी भी प्रकार का कोई लेन देन करता है तो उसकी जिम्मेदारी लेन देन करने वाले व्यक्ति स्वयं की व कम्पनी की होगी। मैं किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होऊंगा। मेरी पुत्री की गुमशुदगी रिपोर्ट दिनांक 14.06.2024 पुलिस थाना सिद्धमुख (चूरू) में मैंने दर्ज करवा दी थी। अब मेरी पुत्री वर्षा से हमारे परिवार से कोई रिश्ता नाता नहीं रहा है। किसी तरह की कोई वारदात करे या लेन देन करे तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सर्व साधारण को इस नोटिस के जरिये सूचित करता हूं। सूचित रहे। दिनांकः- 27.06.2024

शपथग्रहिता/सूचनाकर्ता
रमेश कुमार पुत्र लोकराम उम्र 41 वर्ष जाति जाट, निवासी धानोठी बडी तहसील सिद्धमुख जिला चूरू (राज.)



प्रपत्र संख्या-7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

मु.नं. 49/2024/1322 दिनांक-24.05.2024

सर्वसाधारण को सूचनार्थ।

**नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम,वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री ओमप्रकाश गुसांई, व्यवस्थापक आदर्श शिक्षण संस्थान, चूरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(4) के अन्तर्गत आदर्श शिक्षण संस्थान, चूरू प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.07.2024 निश्चित है।

तहसीलदार (राजस्व)

मूल नोटिस बाद तामिल पेशी से पूर्व लौटाने की व्यवस्था करें।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, बीकानेर


# चूरू जिले के 270025 पेंशनरों के खाते में डाली बढ़ी हुई पेंशन

**चूरू,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुन्झुनूं में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बटन दबाकर चूरू जिले के 270025 पेंशनरों के खाते में बढ़ी हुई पेंशन डाल दी है।

चूरू जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम, राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशनरों को बढ़ी हुई पेंशन राशि का खाते में हस्तांतरण किया है। इससे जिले के 2 लाख 70 हजार 25 पेंशनरों को 31 करोड़, 63 लाख 30 हजार 950 रुपए की राशि का हस्तांतरण किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अप्रैल 2024 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत न्यूनतम पेंशन राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए की गयी है।

इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, प्रधान दीपचंद राहड़, एडीएम उत्तमसिंह शेखावत,



**चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय बढ़ी हुई पेंशन कार्यक्रम से लोग राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़े।**

सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, एडीपीआर कुमार अजय, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, भाजपा नेता ओम सारस्वत, रवि दाधीच, नरेन्द्र काछवाल, दीनदयाल सैनी, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, एपीआरओ मनीष कुमार, बीडीओ महेन्द्र भार्गव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, किशन आसेरी, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामनिवास भुंवाल, डॉ निरंजन चिरानिया, पंकज स्वामी, विजय खेड़ीवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संसद घेराव में सादुलपुर से पहुंचे कार्यकर्ता

**सादुलपुर,** (निसं)। देश में हुए नीट परीक्षा घोटाले को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा दिल्ली में संसद के घेराव किया गया। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र से इस घेराव कार्यक्रम का प्रतिनिधि यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामपाल डाबला द्वारा किया गया। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामपाल डाबला ने बताया कि देश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और राहुल गांधी व कांग्रेस युवाओं के साथ खडी है, हम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड नहीं होने देंगे। डाबला ने बताया कि देश में मोदी सरकार अब भी तानाशाही कर रही है जो कि वह खुद बैसाखियों के सहारे पर है। रामपाल डाबला ने कहा कि हजारों साथी नीट पेपर लीक और उससे जुडी धांधली का विरोध कर रहे थे। लेकिन देश के लाखों युवाओं का भविष्य तबाह करने वाली तानाशाह मोदी सरकार से ये बर्दाश्त नहीं हुआ। तथा हमारी आवाज दबाने के लिए मोदी सरकार के इशारे पर यूथ कांग्रेस के साथियों पर लाठियां बरसाई गईं और बर्बरता की गई। लेकिन पुलिस की ये लाठियां हमारा हौसला नहीं तोड पाएंगी। हम न्याय के लिए लडते रहेंगे, तानाशाह सरकार को सच के आगे झुकना ही पडेगा।

# जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया

- उपखंड अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने निरीक्षण के बाद आवश्यक निर्देश प्रदान किए

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय पर हुई बारिश तथा आगामी दिनों में बारिश की संभावनाओं के मध्येनजर जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को जलभराव वाले क्षेत्रों एवं गाजसर गिनाणी का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान कमिश्नर अभिलाषा सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उनके साथ रहे।

एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने इस दौरान जिला मुख्यालय स्थित बागला स्कूल, सुभाष चौक, जौहरी सागर पंपिंग स्टेशन, चौपाटी एरिया, बूंटिया रोड एवं गाजसर गिनाणी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर में बैठकर जौहरी सागर पंपिंग स्टेशन में भरे पानी और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कमिश्नर अभिलाषा सिंह से कहा कि पानी निकासी की व्यवस्था को अहर्निश जारी रखें तथा 110 एचपी की अतिरिक्त मोटर लगाकर पानी निकासी के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी ने गाजसर गिनाणी का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। एसडीएम ने देखा कि बड़ी गिनाणी में चार बड़े हौज पाइप से पानी ड्रेन हो रहा है। यहां पानी पाल के लेवल से काफी नीचे हैं। छोटी गिनाणी में भी काफी स्पेस है। शुक्रवार सवेरे गेट वाल खोलकर छोटी गिनाणी में और पानी शिफ्ट किया जाएगा, जिससे बड़ी गिनाणी में और स्पेस बन जाएगा। उन्होंने एसटीपी के निरीक्षण में पाया कि दोनों पौंड भरे हुए हैं।

इस पर उन्होंने कमिश्नर से कहा कि इसका पानी चिमनाणा जोहड़ में पूर्ववत भेजते रहें ताकि स्थित नियंत्रण में रहे। उन्होंने कमिश्नर को जल निकासी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनीटरिंग के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित को चाक-चौबंद रखें और देखें कि कोई भी व्यक्ति इस कार्य में लापरवाही नहीं बरते। बारिश और जल भराव के कारण लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।